महत्वपूर्ण एवं खास

हेरोइन के साथ युवक गिरफ्तार

रायपुर (आरएनएस)। कबीरनगर पुलिस की टीम ने मुखबिर की सूचना पर हीरापुर बाजार चौक के पास मादक पदार्थ हेरोइन के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 1.050 ग्राम हेरोइन जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार कबीरनगर पुलिस के टीम ने मुखबिर की सूचना पर हीरापुर बाजार चौक के पास आरोपी प्रदीप सिंह 22 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 1.050 ग्राम हेराइन जब्त किया है। जिसकी कीमत करीब 10 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ नारकोटिक्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

कोरबी सर्किल में घूम रहा हाथियों का दल

कोरबा (आरएनएस)। जिले के कटघोरा वनमंडल में हाथी समस्या कायम है। यहां के पसान व केंदई परिक्षेत्र में दो अलग-अलग स्थानों पर घुम रहे हाथियों कोल दल अब एक साथ होया है। 30 हाथियों के दल को आज सुबह केंदई रेंज के कोरबी सर्किल में देखा गया और इसकी सूचना वन विभाग को दी गई। जिस पर वन अमला मौके पर पहुंचकर हाथियों की निगरानी में जुट गया है। इधर कोरबा वनमंडल अंतर्गत कोरबा, पसरखेत व करतला परिक्षेत्र की सीमा पर मौजूद 25 हाथियों के दल ने करतला का रूख कर लिया है। हाथियों के पैरों के निशान को आज सुबह बासाखर्रा के पास देखा गया। हाथियों के करतला क्षेत्र में जाने की संभावना को देखते हुए वहां के स्टाफ को इसकी जानकारी देते हुए सतर्क कर दिया गया है।

विहिप-बजरंग दल ने की सनातन धर्म पर गलत टिप्पणी करने वाले की शिकायत

जगदलपुर (आरएनएस)। सोशल मीडिया में सनातन धर्म को लेकर गलत पोस्ट करने के मामले को लेकर विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के सदस्यों ने शनिवार को कोतवाली थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपने के साथ ही कार्यवाही करने की मांग की गई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्यवाही करने का आश्वासन दिया है। विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल के सदस्यों ने बताया कि नगरनार में काम करने वाले एक कथित समुदाय के युवक के द्वारा हिंदू सनातनियो एवं हिंदू धर्म को जान बूझकर अपमानित करने के लिए सोसल मीडिया में आपत्ति जनक पोस्ट किया गया है। सोशल मीडिया पर इस प्रकार करके समाज में जो शांति का वातावरण है उसे प्रभावित कर सांप्रदायिक दंगा भडक़ाने के इरादे से पोस्ट किया जा रहा है। जिससे हिंदू धर्म मानने वाले आहत हुए हैं। आरोपी युवक पर कार्यवाही करने की मांग की है। पुलिस ने इस मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए युवक के द्वारा किए गए पोस्ट को डिलीट करवाया गया, साथ ही इस मामले में जो भी कार्यवाही होगी वह नियमत किए जाने की बात कही गई है।

ऑपरेशन गरूड़ के तहत 52 आरोपियों की गिरफ्तारी

गरियाबंद (आरएनएस)। आरिफ एच शेख पुलिस महानिरीक्षक रायपुर रेंज, रायपुर के मार्गदर्शन में एवं अमित तुकाराम काम्बले वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गरियाबंद के नेतृत्व में 30 दिसंबर .22 की रात्रि में *''ऑपरेशन गरूड़''* चलाया गया,जिसमें जिले के अधिक से अधिक बल को लगाकर एक अभियान के तहत स्थायी/गिरफ्तारी वारंट तामिली,फरार आरोपियों की गिफ्तारी सहित नववर्ष के आगमन को दृष्टिगत रखते हुए अवैध शराब, मादक पदार्थ, जुआ/सट्टा एवं अपराधिक तत्वों के विरूद्ध कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया गया था। इस अभियान के तहत जिला गरियाबंद में कुल 52 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया, जिसमें 20 स्थायी वारंट, 30 गिरफ्तारी वारंट तामिल तथा आपराधिक प्रकरण में फरार 1 आरोपी को गिरफ्तार किया गया एवं 3 लीटर अवैध शराब जप्त कर 1 व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। आपरेशन गरूड़ के सफलता पूर्वक संचालन के लिये वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गरियाबंद द्वारा सभी पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों को बधाई दी गई तथा भविष्य में भी इस प्रकार के आपरेशन चलाये जाने हेतु बताया गया।

बस्तर के पर्यटन स्थलों में उमड़ी पर्यटकों की भीड़

- हॉटल-लॉज, स्टे होम में नही बची जगह
- छिंदनार पुल बनने से हजारो पर्यटक हादावाड़ा पंहुचने लगे

जगदलपुर (आरएनएस)। बस्तर के पर्यटन स्थलों में पंहुचने वाले सैलानियों की भीड़ काफी बढ़ गई है। इस वर्ष बस्तर पंहुचने वाले ओडिसा, महाराष्ट्र, तेतंगाना, एवं पश्चिम बंगाल से आने वाले पर्यटकों की संख्या का अनुमान इसी से लगाया जा सकता है कि हॉटल और लॉज लगभग फुल हैं, स्टे होम की जो व्यवस्था है वह भी फुल हैं। नववर्ष की छुट्टी मनाने पहुंचे सैलानियों से यहां के पर्यटक स्थलों पर भारी भीड़ है। दिसंबर माह में यहां आने वाले पर्यटकों का आकड़ा तीस हजार तक पहुंच सकता है। कोरोना काल के बाद इस सीजन में अब तक लाखों पर्यटक बस्तर पहुंच चुके हैं।

पर्यटकों की सबसे पसंदिदा पर्यटन स्थलों में चित्रकोट जल प्रपात, तिरथगढ़ जल प्रपात, कुटुमसर एवं कांगेरघाटी नेशनल पार्क के साथ ही छिंदनार में इन्द्रावती में पुल बनने तथा हादावाड़ा तक कच्ची सडक़ विस्तार के कारण हादावाड़ा एक नया और आकर्षक पर्यटन स्थल बन गया है, यहां रोजाना हजारो पर्यटक पंहुच रहे हैं। स्थानिय लोगों का मानाना है कि यदि हांदावाड़ा तक पक्की सडक़ बना दिया जावे तो यहां बड़ी संख्या में पर्यटक आने लगेंगे। पर्यटन स्थलों पर पर्यटकों की भीड़ के कारण रास्ते में कई छोटी-छोटी दुकानें और होटल खुल गए है, इससे सैकड़ों लोगों को रोजगार मिल रहा है। कांगेरघाटी नेशनल पार्क में जिप्सियों के माध्यम से ही अंदर प्रवेश की इजाजत है। लेकिन जिप्सियों की सीमित संख्या है और लोग एडवांस बुकिंग करवा रखे हैं।

बस्तर हॉटल एसोसिएशन के अध्यक्ष जतिन जायसवाल ने बताया कि जगदलपुर के लॉज और कॉटेज में इन दिनों बड़ी संख्या में पर्यटक ऑनलाइन बुकिंग करवा रखी है, इस कारण जगह नहीं है। होम स्टे के संचालक शकील रिजवी ने बताया कि बस्तर में बोदल, लोहंडीगुड़ा, चित्रकोट, नगरनार सहित दर्जन भर इलाकों में स्टे होम की जो व्यवस्था है, वह भी फुल है।

राष्ट्रीय उद्यान के निदेशक गणवीर धम्मशील के अनुसार यहां आने वाले पर्यटकों की वास्तविक संख्या की गणना की कोई व्यवस्था नहीं होने से कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान के बैरियर में पर्यटकों का आधिकारिक लेखा-जोखा है। इसके अनुसार 30 नवंबर 2022 तक 01 लाख 18 हजार 862 पर्यटक बस्तर पहुंचे है। दिसंबर माह के आकड़े अभी आए नहीं है, इसके बाद पर्यटकों की संख्या करीब डेढ़ लाख से अधिक हो सकती है।

पर्यटन स्थल बुका में होगा सुविधाओं का विस्तार-पीसीएफ शुक्ला

कोरबा (आरएनएस)। जिले के कटघोरा वनमंडल में स्थित पर्यटन स्थल बुका में सुविधाओं का विस्तार किया जाएगा। इसके लिए वनविभाग द्वारा प्रस्ताव बनाकर मुख्यालय भेजा गया है। विस्तार की गुंजाइस को देखने पीसीएफ संजय शुक्ला सपरिवार बुका पहुंचे हैए हालाकि उनके प्रवास को निजी तथा नए साल की पिकनिक के रूप में निजी प्रवास बताया जा रहा है। लेकिन सूत्रों के मुताबिक एक पंथ दो काज के तहत यहां प्रवास पर पहुंचे है। प्रवास के दौरान उनके नए साल की खुशी सपरिवार पर्यटन स्थल पर बन जाएगी। साथ-साथ बुका में पर्यटन सुविधाओं के विस्तार की जानकारी भी हासिल कर लेंगे। बुका में उपस्थित वन विभाग के अधिकारियों एवं इकोटूरिज्म की टीम से भी उन्होंने चर्चा की है। इकोटूरिज्म की टीम पहले से आयी हुई है और सुविधाओं के विस्तार संबंधी सर्वेक्षण में लगी हुई है।

प्ले बॉय बनने के चक्कर में पहुंचा जेल : अधिकारियों के बंगले में फेंकता था पर्ची

रायपुर (आरएनएस)। प्लेबॉय बनने की चक्कर में अधिकारियों के घरों में अपने नंबर वाली पर्ची फेंकने के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया गया है। मामला राखी थाना क्षेत्र का है जहां एक युवक नवा रायपुर के अधिकारियों के मकानों में प्ले बॉय लिखकर पर्ची फेंकता था। आरोपी युवक का नाम यश कुर्रे है जो राजनांदगांव का रहने वाला है। युवक रायपुर के कलिंगा यूनिवर्सिटी में बीबीए की पढ़ाई कर रहा है। मामला सामने आने के बाद पुलिस ने महिला पुलिसकर्मियों से युवक के दिये गए नंबर पर युवक को कॉल कर आधी रात को बुलाया और उसे गिरफ्तार कर लिया।

तीन लाख के मोबाइल पार, सीसीटीवी कैमरे में आरोपी कैद

कोरबा (आरएनएस)। क्राइम कंट्रोल से लेकर बेहद सख्त पेट्रोलिंग के पुलिसिया दावों के बीच रामपुर चौकी के अंतर्गत कोसाबाड़ी इलाके में बीती रात एक मोबाइल रिपेयरिंग दुकान से चोरों ने काफी सामान पार कर दिया। बगल में संचालित एक सराफा दुकान को भी निशाने पर लिया गया लेकिन चोरों के हाथ कोई भी सामान नहीं लगा। सीसीटीवी कैमरे में ताला तोड़ते हुए 1 चोर की फोटो एडमिट हुई है। इससे पहले चौकी क्षेत्र के और भी लाखों में ऐसी घटनाओं में आरोपियों का कोई पता नहीं चल सका है।

बताया गया की रात्रि 1.30 बजे के आसपास यह घटना हुई। ढोलू मोबाइल रिपेयरिंग दुकान को चोर ने टारगेट करते हुए यहां घटना को अंजाम दिया। सामने के हिस्से की शटर और मुख्य दरवाजा तोडऩे के साथ जोर भीतर प्रवेश किया और फिर वहां से कई मोबाइल पार कर दिए। दुकान का संचालक आज सुबह यहां पहुंचा तो उसे सब कुछ अस्त.व्यस्त मिला। भीतर का जायजा लेने पर पता चला कि यहां चोरी हुई है और अज्ञात तत्व ने बहुत सारा सामान पार कर दिया है। दुकान संचालक के मुताबिक लगभग 3 लाख रुपए की चपत इस घटना में लगी है। यहां से पार किए गए अधिकांश मोबाइल महंगे थे और जो सुधार के लिए संबंधित लोगों ने यहां पर दिए थे। कोसाबाड़ी चौराहे के पास ही संचालित राधिका ज्वेलर्स को भी चोरों ने निशाने पर लेने की कोशिश की। ताला तोडऩे के साथ चोरों ने भीतर प्रवेश करना चाहा लेकिन वह नाकाम रहे और उन्हें यहां से कुछ नहीं मिला। मामलों के बारे में स्थानीय पुलिस को अवगत कराया गया है।

मकर संक्रांति पर्व, गुड़ के व्यंजन होंगे खास

कोरबा (आरएनएस)। परंपरा और संस्कृति के साथ एकता के महत्व को परिभाषित करने वाला मकर संक्रांति पर्व 14 जनवरी 2023 को मनाया जाएगा। तिल और गुड़ के व्यंजन इस मौके पर खास होंगे। कारोबारी सूत्रों ने बताया कि हर वर्ष लाखों का सामान इस पर्व के दौरान हाथों हाथ बिकता है। इस बार भी काफी बड़ा आर्डर कोरबा से गया है। कोरबा जिले में तिलहन की फसल ना के बराबर है इसलिए आसपास के जिले और दूसरे राज्य पर इस मामले में निर्भरता बनी हुई है।

उत्तर प्रदेश और बिहार के साथ. साथ अंबिकापुर बलरामपुर जिले में तैयार होने वाली तिलकुट की कई वैरायटी के साथ गजक से लेकर दूसरे उत्पाद कोरबा में छाए रहते हैं। यह सब मिलकर मकर संक्रांति को विशिष्टता प्रदान करते हैं। अनेक कार्यक्रमों में होने वाली लोगों की उपस्थिति के बीच यह व्यंजन ना केवल मिठास फैलाते हैं बल्कि एक खास संदेश देने का प्रयास भी करते हैं। मिष्ठान कारोबारियों के मुताबिक स्थानीय स्तर पर तिल और गुड़ के व्यंजन प्रत्यक्ष रूप से तैयार नहीं होते इसलिए इस मामले में वर्षों बाद भी आसपास के इलाके पर हम निर्भर हैं और वहां की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने का काम करते हैं। इस अवसर पर काफी ऊंचाई तक जाने वाली पतंग का आकर्षण भी पर्व को अलग पहचान देता है। कोरबा जिले के कई सामाजिक संगठन बीते कुछ वर्षों से इस प्रकार के आयोजन अलग-अलग स्थान पर करते आ रहे हैं। इसके माध्यम से स्थानीय प्रतिभाओं को अपना कौशल दिखाने का अच्छा मौका मिल रहा है।

सरस्वती शिक्षा संस्थान छत्तीसगढ़ एक से पांच के मध्य शिक्षा पर विमर्श के लिए चलाएगा अभियान - सक्सेना

- विद्यार्थियों को ऑन लाइन स्पोकन इंग्लिश का प्रशिक्षण दिया जाएगा - अशोक त्रिपाठी

रायपुर (आरएनएस)। सरस्वती शिक्षा संस्थान देश का देश का अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान है जिसमें 1111 सरस्वती शिशु मंदिर छत्तीसगढ़ प्रदेश में संचालित किए जा रहे हैं। सरस्वती शिक्षा संस्थान 01 से पांच जनवरी के मध्य शिक्षा पर विमर्श अभियान के तहत घर-घर पहुंचकर स्थानीय विद्यालय समितियों के माध्यम से शिक्षा के स्वरूप पर फीडबैक लेंगे। उक्त जानकारी प्रेसक्लब रायपुर में आयोजित पत्रकारवार्ता में संस्था के सचिव विवेक सक्सेना एवं डॉ. अशोक त्रिपाठी ने संयुक्त रूप से दी। डॉ. त्रिपाठी ने पत्रकारवार्ता में बताया कि सरस्वती शिशु केन्द्रों में शिशु विद्या मंदिर में गुणवत्तायुक्त शिक्षा प्रदाय की जाती है। बदलते स्वरूप के साथ संस्कृत के साथ ही स्पोकन इंग्लिश का प्रशिक्षण भी विद्यार्थियों को ऑनलाइन दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि विद्या भारती के बैनर तले संचालित समस्त शिशु केन्द्र देश भर में मातृ भाषा में स्कूली विद्यार्थियों को प्राथमिक शिक्षा में प्रशिक्षण दिए जाने का पक्षधर रहा है। छत्तीसगढ़ में छत्तीसगढ़ी के साथ ही नारायणपुर एवं दंतेवाड़ा में हल्बी के साथ स्थानीय गोंडी बोली के साथ विद्यार्थियों को विशेष प्रशिक्षण देने की व्यवस्था जल्द की जाएगी।

ठगड़ा बांध में स्थापित होगी छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा

दुर्ग (आरएनएस)। दुर्ग के ठगड़ा बांध में छत्तीसगढ़ महतारी की ऊंची प्रतिमा स्थापित की जाएगी। छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा स्थापना के लिए नगर निगम प्रशासन ने टेंडर जारी कर दिया है। इस कार्य के लिए कुल 15 लाख 90 हजार रुपए की मंजूरी दी गई है। गौरतलब है कि ठगड़ा बांध पिकनिक स्पॉट का सौंदर्यीकरण कार्य पिछले दो साल से जारी है। इस कार्य पर करीब 16 करोड़ से ज्यादा राशि खर्च की जा रही है। सौंदर्यीकरण योजना के तहत ही अब ठगड़ा बांध पिकनिक स्पॉट में छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा स्थापित की जाएगी। बता दें कि विधायक अरुण वोरा ने नवंबर माह में सीएम से मुलाकात कर दुर्ग में छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा स्थापना के लिए राशि मंजूर करने सहित कई प्रमुख विकास कार्यों के लिए राशि मंजूर करने का आग्रह किया था। वोरा के आग्रह पर सीएम ने मौके पर ही कलेक्टर को इस संबंध में निर्देश दिये थे। इसके बाद अब छत्तसीगढ़ महतारी की प्रतिमा स्थापित करने की प्रक्रिया शुरू की गई है।

ट्विनसिटी को मिलेगी शानदार पिकनिक स्पॉट की सौगात- ठगड़ा बांध के बीच में आइलैंड बनाया गया है। यहां तक पहुंचने के लिए कांच का एप्रोच रोड बनाया जा रहा है। पारदर्शी कांच से इस पर चलने वालों को नीचे भरे पानी को देख सकेंगे। यहां लैंड स्केपिंग, गार्डनिंग, चौपाटी, रिटेनिंग वॉल, किडस जोन इनलेट वॉल, आउट लेट वॉल, पार्किंग बाउंड्रीवाल, सहित अन्य कार्य पूरे कर लिये गए हैं। उद्यान लाइट, झूले और फिनिशिंग का कार्य चल रहा है। यहां योग सेंटर, मार्निंग वॉक जोन, बोटिंग, पाथवे, घाट निर्माण, गार्डनिंग सहित अन्य सुविधाएं भी होगी।

इनामी मिलिशिया कमांडर व महिला नक्सली ने किया आत्मसमर्पण

सुकमा (आरएनएस)। जिले में चलाए जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान पूना नर्कोम के तहत आज एक लाख के इनामी मिलिशिया कमांडर तुलसीराम निवासी मलकानगिरी ओडिसा, के साथ एक महिला नक्सली केएएमएस उपाध्यक्ष सोढ़ी रामें निवासी कटेकल्याण दंतेवाड़ा, ने सुकमा पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया है। दोनों ही आत्मसमर्पित नक्सलियों को छत्तीसगढ़ शासन की पुनर्वास योजना के तहत प्रोत्साहन राशि व मिलने वाली अन्य सुविधाएं जल्द प्रदाय किया जाएगा।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ओम चंदेल ने बताया कि जिले के तोंगपाल क्षेत्र में सक्रिय एक इनामी सहित दो नक्सलियों ने नक्सलवाद को अलविदा कहते हुए मुख्यधारा में शामिल हुए हैं। आत्मसमर्पित 01 लाख रुपये के ईनामी नक्सली तुलसीराम निवासी मलकानगिरी ओडिसा, मिलिशिया कमांडर के रूप में नक्सली संगठन में सक्रिय था। वहीं सोढ़ी रामें निवासी कटेकल्याण दंतेवाड़ा, केएएमएस उपाध्यक्ष के रूप में नक्सली संगठन में सक्रिय थी। दोनों ही नक्सली सुकमा जिले के तोंगपाल व दंतेवाड़ा जिले के कटेकल्याण इलाके में नक्सल गतिविधियों में शामिल रहे। नक्सलियों के समर्पण में सीआरपीएफ के 227 वाहिनी बटालियन का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

मजदूरों की पिटाई व जेसीबी आगजनी पर नक्सलियों ने जारी किया माफीनामा- नक्सलियों के कोंटा एरिया कमेटी ने प्रेस नोट जारी कर 29 दिसम्बर को भेज्जी इलाके में मजदूरों से हुई मारपीट व जेसीबी मशीन में आगजनी मामले पर माफीनामा जारी किया है। जारी प्रेस नोट नक्सलियों ने लिखा कि उन्हें सूचना मिली थी कि भेज्जी में जो काम चल रहा है, वह पुलिस का बिल्डिंग बन रहा है, इस लिए उस बिल्डिंग को ध्वस्त कर काम में लगे कामगारों को मारपीट कर इस काम से दूर रहने की चेतावनी देने का कदम उठाया गया। वहीं आगे नक्सलियों ने अपील किया है की भेज्जी में निर्माण हो रही कन्या आश्रम को पुन: निर्माण करने अपील की है। नक्सलियों ने हर गांव में स्कूल अस्पताल, आंगनबाड़ी तथा सरकारी सुविधा जनता तक पहुंचे। नक्सलियों ने आगे लिखा है कि हमारी गलती की वजह से घायल हुए मज़दूरों के जल्द स्वस्थ होने एवं फिरसे अपने काम में वापस लौट परिवार का पालन पोषण करने की बात लिखी गई है। वहीं अंत में नक्सलियों ने अपील करते हुए लिखा है की कोई भी ठेकेदार छोटा या बड़ा काम करता हो तो वह नक्सली संगठन को इसकी सुचना जरूर दें ताकी काम करते वक्त नक्सली संगठन व मजदूरों के बीच कोई बाधा उत्पन्न ना हो पाने की बात लिखी गई है।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईजर श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी ठाकुरे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियां की जावेगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुंचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

साइबर क्राइम हेल्पलाईन नंबर 1930 से मिल रही है सफलता

रायपुर (आरएनएस)। साइबर क्राइम हेल्पलाईन नंबर 1930 के माध्यम से पीड़ितों को दी जाने वाली सहायता को और बेहतर बनाने की दृष्टि से पुलिस महानिदेशक अशोक जुनेजा के मार्गदर्शन पर इस व्यवस्था को 19 दिसंबर 2022 से डायल 112 कंट्रोल रूम में शिफ्ट किया गया है। इस व्यवस्था का बेहतर परिणाम सामने आ रहा है। दिनांक 19 दिसंबर से 28 दिसंबर 2022 तक 10 दिनों में 1930 हेल्पलाईन टीम द्वारा लगभग 4 लाख रूपए बचाये गये है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (तकनीकी सेवा) कवि गुप्ता ने बताया कि विगत डेढ़ वर्षों में इस व्यवस्था के माध्यम से 4 करोड़ से ज्यादा राशि होल्ड करवाया जा चुका है।

कैसे काम करती है सिटीजन फाइनैंशल फ्रॉड रिपोर्टिंग सिस्टम-पुलिस हेतु साइबर क्राइम पोर्टल पर 'सिटीजन फाइनेंसियल फ्रॉड रिर्पोटिंग सिस्टम' नामक प्लेटफार्म उपलब्ध है जिसमें पुलिस के साथ-साथ सभी बैंक मर्चेंट एवं वॉलेट कंपनियों के नोडल अधिकारी भी जुड़े रहते हैं। जैसे ही कोई साइबर फाइनेंसियल फ्रॉड की शिकायत पोर्टल पर दर्ज की जाती है, इसकी सूचना सबसे पहले उस बैंक के नोडल अधिकारी के पास पहुंचती है जिस बैंक का खाता धारक प्रार्थी है। नोडल अधिकारी पोर्टल के माध्यम से जिस बैंक के खाताधारक को राशि क्रेडिट हुई है उसे सूचित करता है। यदि सूचित किए गए दूसरे बैंक के आरोपी खाताधारक के खाते में धनराशि उपलब्ध है तो वह होल्ड हो जाती है, और यदि दूसरे बैंक से भी धनराशि किसी तीसरे बैंक को ट्रांसफर हो गई है तो इस संबंध में दूसरे बैंक के नोडल अधिकारी द्वारा तीसरे बैंक के नोडल अधिकारी को सूचित कर दिया जाता है। यह सिलसिला तब तक चलता है जब तक ऐसा खाताधारक नहीं प्राप्त हो जाता है जिसके खाते में धनराशि विद्यमान हो। यदि आरोपी द्वारा एटीएम से पैसे का आहरण कर लिया जाता है, तो पैसा होल्ड नहीं हो पाता है और इस संबंध में बैंक द्वारा पुलिस को सूचित कर दिया जाता है।

अत: यह आवश्यक है कि साइबर ठगी के शिकार व्यक्ति द्वारा जल्द से जल्द शिकायत दर्ज करवाई जाए साइबर फाइनेंसियल फ्रॉड का शिकार व्यक्ति स्वयं, साइबर क्राईम हेल्पलाईन नंबर 1930 या नजदीकी थाना के माध्यम से साइबर क्राईम पोर्टल में ''सिटिजन फाइनेंसियल फ्रॉड रिपोर्टिंग सिस्टम'' के तहत शिकायत दर्ज कर सकता है। बढ़ते हुए साइबर अपराध संबंधित शिकायतों को देखते हुए साइबर क्राईम हेल्पलाईन नंबर की सेवा 24ग्7 प्रदान की जा रही है। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (तकनीकी सेवा) प्रदीप गुप्ता ने आज 1930 टीम को उनके मेहनत एवं लगन हेतु प्रशंसा पत्र प्रदान करते हुए कहा कि भविष्य में इस नई प्रणाली का और विस्तार किया जायेगा ताकि साइबर अपराध से पीड़ित लोगो की त्वरित एवं प्रभावी सहायता प्रदान की जा सके। प्रदीप गुप्ता ने साइबर फायनेंसियल क्राईम के मामलों में लोगों से तुरंत शिकायत दर्ज करने हेतु अपील किया है ताकि समय रहते पीड़ित को आर्थिक नुकसान से बचाया जा सकें।